कार्यालय पुलिस आयुक्त, जोधपुर

प्रेस–नोट

दिनांक 11.03.2022

- आदतन अपराधियों के विरूद्ध आयुक्तालय स्तर पर दोनों जिलों की संयुक्त कार्यवाही।
- पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अवैध आग्नेयास्त्रों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस आयुक्त, जोधपुर के निर्देशन व पुलिस उपायुक्त, जिला पूर्व/ पश्चिम के नेतृत्व में जिलों के हिस्ट्रीशीटर्स एवं हार्डकोर अपराधियों के निवास पर दबीशें दी गई।
- लगभग 580 पुलिसकर्मियों द्वारा 85 टीमें बनाकर 195 हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर अल सुबह एक साथ दबिश दी गई।
- दबिश के दौरान 67 आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।
- अवैध अफीम, डोडा पोस्त, गांजा, हुक्का, शराब, धारदार हथियार बरामद कर 12 अपराधियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किये गये।
- तीन संदिग्ध वाहन मारूति के–10, स्कोर्पियों व डस्टर जब्त किये गये।

- **कार्यवाही पुलिसः–** पुलिस मुख्यालय द्वारा हिस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस आयुक्त, जोधपुर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त, जिला पूर्व, डॉ0 अमृता दुहन व पुलिस उपायुक्त, जिला पश्चिम, श्री गौरव यादव के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्तगण, सहायक पुलिस आयुक्तगण, समस्त थानाधिकारीगण एवं 580 पुलिस कर्मियों व महिला शक्ति टीम की 85 टीमें बना कर आज दिनांक 11.03.2023 को एक्शन प्लान बनाया जाकर सम्पूर्ण आयुक्तालय के समस्त हिस्ट्रीशीटर्स के घरों पर अल सुबह एक साथ दबिश देकर एक साथ कार्यवाही करते हुए उनके घरों की सघन तलाशी ली गई। दबिश के दौरान जिला पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के तहत 04 प्रकरण, आबकारी अधिनियम के तहत 01 प्रकरण, आर्म्स एक्ट के तहत 04 प्रकरण तथा अवैध हुक्का–बार संचालन का 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इसी प्रकार जिला पश्चिम में अभियान के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत 01 प्रकरण, आबकारी अधिनियम के तहत 01 प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही, जिले के टोप–10 अपराधियों में वांछित 01 अपराधी को भी दस्तयाब किया गया है।

  सम्पूर्ण आयुक्तालय में निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 67 हिस्ट्रीशीटर्स को अन्तर्गत धारा 151, 110, 122 दप्रसं में गिरफ्तार किया गया तथा 11 स्थायी वारंटियों व 02 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 12 व्यक्तियों को स्थानीय एवं विशेष अधिनियम के तहत कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया, जिसमें 04 व्यक्तियों को एनडीपीएस एक्ट में, 02 व्यक्तियों को आबकारी अधिनियम में, 05 व्यक्तियों को आर्म्स एक्ट में तथा 01 व्यक्ति को अवैध हुक्का–बार संचालन पर गिरफ्तार किया गया।

  कार्यवाही के दौरान पुलिस थाना बनाड़ के एच.एस. से स्कार्पियो वाहन, पुलिस थाना एयरपोर्ट के एच.एस. से डस्टर कार तथा पुलिस थाना डांगियावास के एच.एस. के घर से के–10 कार जब्त की गई।

पुलिस आयुक्त,
जोधपुर